# शाम मेरी आंखो मे वस तेरा नजारा है

श्याम मेरी आंखों में बस,
तेरा नजारा है,
तू ही पहचान मेरी,
तू ही पहचान मेरी,
तू ही पहचान मेरी,
तू ही सहारा है,
श्याम मेरी आंखों में बस,
तेरा नजारा है।

श्याम तेरी भक्ति ने ही,
मुझको सिखाया है,
नजराना देकर के हर,
नजारा दिखाया है,
तू ही पहचान मेरी,
तू ही सहारा है,श्याम मेरी आंखों में बस,
तेरा नजारा है।

जपता हूँ नाम तेरा,
मैं तेरा पुजारी हूँ,
तू श्याम दाता मेरा,
और मैं गुहारी हूँ,
चाहत रही ना कोई,
जब से तू निहारा है,

श्याम मेरी आंखों में बस,
तेरा नजारा है।

तेरी ही कृपा से मैंने,
तेरा नाम गाया है,
जो भी है पाया मैंने,
तेरी ही माया है,
मेरी इन सांसों पे,
एहसान तुम्हारा है,
श्याम मेरी आंखों में बस,
तेरा नजारा है।

तू ही है सांझ मेरी,
तू ही सवेरा है,
अलख है जगाई मैंने,
बाकी काम तेरा है,
यूं ही नहीं कहते तुझको,

हारे का सहारा है,

श्याम मेरी आंखों में बस,
तेरा नजारा है।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/36374/title/sham-meri-aankho-mai-bs-tera-nazara-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |